NBT
नवभारत टाइम्स
› मंगलवार, 6 दिसंबर 2016 › मार्गशीर्ष 15 शक 1938 › मार्गशीर्ष शुक्ल 7 विक्रम 2073 › मूल्य 4.50 रु. या 8.50 रु. द टाइम्स ऑफ इंडिया

फैजल और जेनिफर को खिताब

■ NBT स्पोर्ट्स, नई दिल्ली: सेंट जोसफ पब्लिक स्कूल (टोंक, राजस्थान) के फैजल कमर ने सोमवार को CBSE नैशनल टेनिस चैंपियनशिप में बॉयज U-19 कैटिगरी का खिताब अपने नाम किया, जबकि लिटिल एंजल्स स्कूल (सोनीपत, हरियाणा) की जेनिफर गर्ल्स U-19 में नैशनल चैंपियन बनी।

फैजल ने फाइनल में सरला देवी स्कूल (नोएडा) के चिनमय को 6-4, 6-4 से हराया, वहीं जेनिफर ने खिताबी मुकाबले में एमएम पब्लिक स्कूल की गौरी (पीतमपुरा, दिल्ली) को 4-2, 4-2 से शिकस्त दी। बॉयज U-14 कैटिगरी के फाइनल में एमएम पब्लिक स्कूल के कनिष्क पाल ने लिटिल एंजल्स के अनुराग को 4-1, 4-1 से मात दी। U-14 गर्ल्स में दीपा लक्ष्मी (DAV, चेन्नै) ने संस्कृति (DPS, बेंगलुरु) को 4-2, 4-2 से हराकर खिताब जीता।

CBSE नैशनल लॉन टेनिस चैंपियनशिप

टीम इवेंट में DPS हैदराबाद ने लिटिल एंजल्स सोनीपत को 2-1 से हराकर बॉयज U-14 का खिताब जीता। वहीं बॉयज U-19 के फाइनल में एमएम पब्लिक स्कूल ने सेंट जोसफ स्कूल को 2-0 से शिकस्त दी। SBOA चेन्नै ने DPS बेंगलुरु को गर्ल्स U-14 फाइनल में 2-1 से हराया, जबकि लिटिल एंजल्स सोनीपत ने DAV चेन्नै को 2-0 से हराकर गर्ल्स U-19 में बाजी मारी।